हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 119, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 13 अक्टूबर, 2021 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## मानवाधिकार के नाम पर देश की छवि खराब करने की कोशिश

### एनएचआरसी के स्थापना दिवस पर बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 28वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में अमित शाह भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बिना किसी का नाम लिए विरोधियों पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि मानवाधिकार के नाम पर कुछ लोग देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा पीएम ने ट्रिपल तलाक, महिला सुरक्षा, कोरोना काल में प्रवासियों की मदद सहित तमाम मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सबसे पहले सभी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 28वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। साथ ही कहा कि ये आयोजन आज ऐसे समय हो रहा है, जब हमारा देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए मानवाधिकारों की प्रेरणा का, मानवाधिकार के मूल्यों का बहुत बड़ा स्रोत आजादी के लिए हमारा आंदोलन, हमारा इतिहास है। हमने सदियों तक अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया। एक राष्ट्र के रूप में, एक समाज के रूप में अन्याय-अत्याचार का प्रतिरोध किया है।

**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से चला रहा देश–** इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चल रहा है। ये एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है।

**बीते बीस वर्षों में विभिन्न स्तरों पर अन्याय को दूर करने का प्रयास–** इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने अलग-अलग वर्गों में, अलग-अलग स्तर पर हो रहे अन्याय को भी दूर करने का प्रयास किया है। दशकों से मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के खिलाफ कानून की मांग कर रही थीं।



हमने ट्रिपल तलाक के खिलाफ कानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया है।

**महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश–** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महिलाओं के लिए काम के अनेक सेक्टर्स को खोला गया है, वो 24 घंटे सुरक्षा के साथ काम कर सकें, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। दुनिया के बड़े-बड़े देश ऐसा नहीं कर पा रहे लेकिन भारत आज करियर वूमेन को 26 हफ्ते की मातृत्व अवकाश दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा से जुड़े अनेक कानूनी कदम बीते वर्षों में उठाए गए हैं। देश के 700 से अधिक जिलों में वन स्टाप सेंटर चल रहे हैं। जहां एक ही जगह पर महिलाओं को मेडिकल सहायता, पुलिस सुरक्षा, कानूनी मदद और अस्थाई आश्रय दिया जाता है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों की क्या शक्ति है, ये हमने हाल के पैरालंपिक में फिर अनुभव किया है। बीते वर्षों में दिव्यांगों को सशक्त करने के लिए भी कानून बनाए गए हैं, उनको नई सुविधाओं से जोड़ा गया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हाल के वर्षों में मानवाधिकार की व्याख्या कुछ लोग अपने-अपने तरीके से, अपने-अपने हितों को देखकर करने लगे हैं। एक ही प्रकार की किसी घटना में कुछ लोगों को मानवाधिकार का हनन दिखता है और वैसी ही किसी दूसरी घटना में उन्हीं लोगों को मानवाधिकार का हनन नहीं दिखता। इस तरह का सलेक्टिव व्यवहार, लोकतंत्र के लिए भी उतना ही नुकसानदायक होता है। पीएम ने कहा कि मानवाधिकार का बहुत ज्यादा हनन तब होता है जब उसे राजनीतिक रंग से देखा जाता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि जो गरीब कभी शौच के लिए खुले में जाने को मजबूर था, उस गरीब को अब शौचालय मिला है। साथ ही कहा कि जो गरीब कभी बैंक के भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था उस गरीब का जनधन अकाउंट खोला गया, जिससे उसमें हौसला आता है, उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती है।

### प्रह्लाद जोशी बोले: सोमवार को हुई कोयले की रिकॉर्ड आपूर्ति, संकट के लिए राज्य जिम्मेदार

नई दिल्ली। अभी तक देश में कोयले की कोई कमी होने का दावा करने वाली केंद्र सरकार ने मंगलवार को यू-टर्न लेते हुए मौजूदा संकट के पीछे कुछ राज्यों को जिम्मेदार ठहराया। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि हमने राज्यों से पहले ही कहा था कि कोयले का स्टॉक बढ़ा लें लेकिन तब हमारी नहीं सुनी गई। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने तो आपूर्ति बंद कर देने के लिए भी कहा था। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि हमने कल (सोमवार को) 19.40 लाख टन कोयले की आपूर्ति की, यह घरेलू कोयले की अब तक की सबसे अधिक आपूर्ति है। जहां तक राज्यों का संबंध है, इस साल जून तक हमने उनसे कोयले का स्टॉक बढ़ाने का अनुरोध किया था, तो कुछ ये तक कहने लगे थे कि 'कृपया एक उपकार करें, अब कोयला न भेजें'। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार जोशी ने कहा कि बारिश के कारण कोयले की कमी हुई थी, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय कीमतें 60 रुपये प्रति टन से बढ़ कर 190 रुपये पर पहुंच गईं। उन्होंने कहा, इसी के चलते आयातित कोल पावर प्लांट या तो 15-20 दिन के लिए बंद हो गए या बहुत कम उत्पादन कर रहे हैं। इससे घरेलू कोयले पर दबाव बढ़ा है।

## शोपियां फेरीपोरा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, 34 घंटों में 7 ढेर



श्रीनगर। कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर शांति के माहौल को बिगाड़ रहे आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शोपियां के तुलरान में द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के तीन आतंकियों को मार गिराने के बाद अब सुरक्षाबलों ने शोपियां के ही फेरीपोरा इलाके में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। फिलहाल मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं पिछले 34 घंटों के भीतर जम्मू-कश्मीर में ये पांचवीं मुठभेड़ है, जिसमें अभी तक सात आतंकी मारे जा चुके हैं। यही नहीं जिला पुंछ के सुरनकोट के ढेरा दी गली जंगलों में आतंकियों द्वारा घात लगाकर सेना पर किए गए हमले में जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। पुलिस ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के आधार पर एसओजी, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन के संयुक्त दल ने फेरीपोरा की घेराबंदी कर जैसे ही तलाशी अभियान शुरू किया। इलाके में छिपे आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पहले तो सुरक्षाबलों ने छिपे हुए आतंकियों को आत्मसमर्पण करने का मौका दिया परंतु जब उन्होंने हथियार डालने से इंकार कर दिया तो उन्होंने भी जवाब में फायरिंग शुरू कर दी। करीब तीन से चार घंटे तक चली इस मुठभेड़ मे सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। एहतियात के तौर पर इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। इससे पहले सुरक्षाबलों ने शोपियां के ही इमाम साहब तुलरान इलाके में आज तड़के तीन आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में बिहारी निवासी वीरेंद्र पासवान जो श्रीनगर में रेहड़ी चलाता था, का हत्यारा मुख्तयार अहमद शाह भी शामिल था। आपको बता दें कि पिछले 34 घंटों में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह पांचवीं मुठभेड़ थी। इन मुठभेड़ों में अभी तक सुरक्षाबलों ने सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। ये सभी आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के दूसरे धड़े द रजिस्टेंस फ्रंट से संबंधित थे। गत सोमवार को मारे जाने वाले दो आतंकियों में सूमो चालक का हत्यारा इम्तियाज भी शामिल था।

## लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में अंतिम अरदास में किसान नेताओं ने प्रियंका गांधी को मंच से संबोधन करने से रोका

लखनऊ। लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर को उपद्रव के बाद हिंसा में मृत चार किसानों की अंतिम अरदास मंगलवार को शुरू हो गई है। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रियंका गांधी को अपना मंच देने से इन्कार किया, हालांकि मोर्चे ने प्रियंका गांधी का और उनकी पार्टी का आभार जताया। किसान नेताओं ने इसके साथ ही चेतावनी भी दी है कि वह राजनेताओं को अपना मंच साझा नहीं करने देंगे। वहां पर टकराव की आशंका में भारी पुलिस बल सोमवार रात से एकत्र है। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में तीन अक्टूबर को हिंसा में मृत किसानों की अंतिम अरदास में किसानों ने कांग्रेस की



राष्ट्रीय महासचिव वाड्रा को वहां मौजूद किसान नेताओं ने मंच से संबोधन करने के रोक दिया। लखीमपुर खीरी में हिंसा में चार किसानों की मृत्यु के बाद मंगलवार को तिकुनिया में अंतिम अरदास में मंच पर किसान नेता राकेश टिकैत के साथ अन्य किसान थे। इस दौरान कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा ने आम लोगों के बीच में बैठकर अरदास की। उन्होंने जब इसके बाद मंच से किसानों को संबोधित करने की इच्छा जताई तो किसान नेताओं ने साफ इन्कार कर दिया। इससे पहले प्रियंका गांधी ने चारों किसानों को श्रद्धांजलि भी दी। लखीमपुर खीरी में हिंसा में चार किसानों की मृत्यु के बाद मंगलवार को तिकुनिया में अंतिम अरदास में मंच पर किसान नेता राकेश टिकैत के साथ अन्य किसान थे। इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आम लोगों के बीच में बैठकर अरदास की। उन्होंने इससे पहले चारों किसानों को श्रद्धांजलि भी दी। लखीमपुर खीरी में मंगलवार की सुबह कड़ी सुरक्षा में किसानों की अंतिम अरदास शुरू हो गई। हजारों की संख्या में किसानों का आना भी शुरू हो गया।

## घरेलू उड़ानों पर पाबंदी हटी: 18 अक्तूबर से पूरी क्षमता से चलाने की इजाजत, नागरिक विमानन मंत्रालय ने दी छूट

नई दिल्ली। नागरिक विमानन मंत्रालय ने कोरोना महामारी के बाद घरेलू उड़ानों पर लगाई पाबंदी में राहत दे दी है। 18 अक्तूबर से घरेलू व्यावसायिक उड़ानों में यात्रियों की क्षमता को लेकर लागू पाबंदियां हटा ली जाएंगी। इससे उड़ानों का संचालन पूरी क्षमता से किया जा सकेगा। सितंबर में सरकार ने घरेलू उड़ानों की यात्री क्षमता 72.5 फीसदी से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दी थी। अब अगले सोमवार से शत प्रतिशत क्षमता के साथ देश में उड़ानों का संचालन किया जा सकेगा। यानी अब घरेलू उड़ानों में पहले की तुलना में अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। पूर्ण यात्री क्षमता से उड़ानों के संचालन की इजाजत देने के साथ ही मंत्रालय ने एयर लाइंस व एयरपोर्ट आपेरटरों से यह भी कहा है कि वे कोविड-19 को फैलने से रोकने के उपाय सुनिश्चित करें और यात्रा के दौरान कोविड अनुकूल व्यवहार का कठोरता से पालन कराएं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार देश में हवाई यातायात तेजी से बढ़ रहा है। अगस्त में इसमें जुलाई के मुकाबले 31 फीसदी बढ़ोतरी हुई और यह 66 लाख यात्री प्रति माह हो गया। इससे महामारी के बाद से हवाई यात्रा में आ रही कमी की प्रवृत्ति में तेजी से बदलाव का संकेत मिला। जुलाई में घरेलू यात्रियों की संख्या 51 लाख रही थी। केंद्र सरकार ने पिछले माह यानी सितंबर में एयरलाइंस कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए महीने में 15 दिनों का किराया अपने अनुसार तक करने की छूट दे दी थी। बचे 15 दिनों का किराया उन्हें सरकार द्वारा तय किए गए प्राइस बैंड के अनुसार ही लेना होगा। किराए के प्राइस बैंड के तहत सरकार अब तक सबसे कम और सबसे ज्यादा किराए की लिमिट तय कर रही थी, लेकिन अब इसमें छूट दी गई है। अब सरकार महीने में 15 दिन ही यह लिमिट तय करेगी, जबकि बाकी 15 दिनों तक एयरलाइंस कंपनियां इसे अपने हिसाब से तय कर सकेंगी।

## छठ पूजा मनाने पर प्रतिबंध के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, मनोज तिवारी को लगी चोट

नई दिल्ली। सार्वजनिक स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन पर रोक के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने मंगवलार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछार का प्रयोग करना पड़ा, जिससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी सहित कई कार्यकताओं को चोट आई है। उन्हें सफदरजंग ट्रामा अस्पताल ले जाया गया है। यहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बता दें कि कोरोना संक्रमण का हवाला देकर दिल्ली में सार्वजनिक स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन पर रोक लगा दी गई है। भाजपा और छठ पूजा आयोजन समितियां इस फैसले का विरोध कर रही हैं। तिवारी इसे लेकर पूरी दिल्ली में छठ रथयात्रा निकाल रहे हैं। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया। दोपहर के समय प्रदर्शनकारी चंदगी



राम अखाड़े पर एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ने लगे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थें। प्रदर्शनकारी उसे तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को पानी की बौछार का इस्तेमाल करना पड़ा जिससे मनोज तिवारी व कई अन्य कार्यकर्ता गिर गए, जिससे उन्हें चोट आई है। उन सभी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। उससे पहले उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के लोगों की भावनाओं को आहत करने के लिए छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाया गया है। हरहाल में पूजा का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार द्वारा छठ पूजा को भव्य तरीके से मनाने के कदम की भाजपा आलोचना कर रही है। वहीं, आप नेताओं का कहना है कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों पर त्योहार मनाने से कोविड-19 फैल सकता है।

## महाराष्ट्र: जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ पर बोली शिवसेना- सैनिकों की मौत का पांच गुना बदला लिया जाना चाहिए

मुंबई। जम्मू-कश्मीर में एक मुठभेड़ में सेना के पांच जवानों के शहीद होने के एक दिन बाद, शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि आतंकवादियों के साथ आमने-सामने की लड़ाई में सैनिकों की मौत का पांच गुना बदला लिया जाना चाहिए।शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के एक संपादकीय में दावा किया गया है कि जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष अधिकारों को छीनने वाले अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधानों को रद्द करने के बाद से पाकिस्तान के हमदर्दों का हौसला बढ़ा है। इसमें कहा गया है कि आतंकवादी ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं जहां दूसरे धर्म के लोग घाटी में प्रवेश नहीं कर सकें। हाल के हफ्तों में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है जिसमें एक प्रमुख कश्मीरी पंडित व्यवसायी और एक स्कूल शिक्षक सहित कई नागरिक मारे गए। इन हत्याओं का जिक्र करते हुए शिवसेना ने कहा कि इस तरह की हिंसक घटनाएं इस बात का एहसास कराती हैं कि क्या 1990 के दशक की तरह स्थिति बन रही है जब हजारों कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। पार्टी ने अपने संपादकीय में कहा कि जब तक पांच सैनिकों को मारने वाले आतंकवादियों को कुचला नहीं जाता, तब तक भारतीय मन को शांति नहीं मिलेगी। इससे पहले कि सुरनकोट मुठभेड़ में शहीद हुए पांच सैनिकों का खून सूख जाए, इस मौत का पांच गुना बदला लिया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में सोमवार को हुई तीन मुठभेड़ों में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत सेना के पांच जवान और दो आतंकवादी मारे गए। सीमावर्ती जिले पुंछ के सुरनकोट इलाके में डेरा की गली (डीकेजी) के पास एक गांव में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सैनिकों की जान चली गई थी, जब सेना और पुलिस ने आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के बाद एक संयुक्त अभियान शुरू किया था।

## अब 2 से 18 साल तक के बच्चों को लग सकेगी कोरोना वैक्सीन, सरकार जल्द जारी करेगी गाइडलाइन

नई दिल्ली। कोरोना वायरस रोधी वैक्सीन अब 2 साल से 18 साल के बच्चों को भी लग सकेगी। न्यूज एजेंसी एएनआइ के अनुसार, आधिकारिक सूत्र ने बताया कि सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी (एसईसी) ने डीसीजीआई (ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया) को 2-18 साल के बच्चों के लिए भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवैक्सीन के उपयोग के लिए एक सिफारिश की है। खबर है 2 साल से 18 साल के बच्चों को कोवैक्सीन का टीका लगाया जा सकेगा, इसकी मंजूरी मिल गई है। भारत सरकार द्वारा जल्द ही बच्चों के टीकाकरण से संबंधित गाइडलाइन जारी की जाएगी। बता दें कि कोवैक्सीन को भारत बायोटेक और आइसीएमआर ने साथ में तैयार किया है। कोवैक्सीन ट्रायल में 78 फीसद असरदार पाई गई है।

**बच्चों पर भी कोवैक्सीन के सुरक्षा और प्रतिरक्षा संबंधी नतीजे बड़ों जैसे–** बच्चों पर स्वदेशी कोरोना टीके कोवैक्सीन के नतीजे बड़ों जैसे पाए गए हैं। एम्स के एक प्रोफेसर ने दावा किया है कि बच्चों में कोवैक्सीन के सुरक्षा और प्रतिरक्षा संबंधी प्रभाव वैसे ही देखने को मिले हैं, जैसे 18 साल से अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलते हैं। एम्स में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र में प्रोफेसर डा. संजय के. राय ने कहा, तीन आयु समूहों पर कोवैक्सीन का परीक्षण किया गया। पहले



समूह में 12-18, दूसरे समूह में छह से 12 और तीसरे समूह में दो से छह साल के बच्चे शामिल थे। डा. राय बच्चों पर कोवैक्सीन के प्रभाव के प्रमुख जांचकर्ता थे। डा. राय ने कहा कि सभी समूह के बच्चों पर वैक्सीन के सुरक्षा और प्रतिरक्षा संबंधी प्रभाव समान पाए गए। अंतिम नतीजों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के परीक्षण वयस्कों पर भी किए गए थे। बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन पर भारत समेत कई देश काम कर रहे हैं। अमेरिका पहला ऐसा देश है, जहां 18 साल से कम उम्र के लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन दिए जाने की शुरूआत की गई। कुछ विशेषज्ञों का मानना था कि भारत में अगर कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर आती है, तो उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे होंगे। ऐसे में बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन की जरूरत महसूस की जा रही थी। हालांकि, अब वैक्सीन आने के बाद बच्चे भी इस जानलेवा वायरस से लड़ने में सक्षम हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से बच्चों पर चल रहे कोरोना वैक्सीन के ट्रायल के नतीजे संतोषजनक हैं। ऐसे में जल्द ही सरकार की ओर से बच्चों को कोरोना टीका लगाने से जुड़े दिशानिर्देश जारी किए जा सकते हैं। बच्चों को कोरोना वैक्सीन की कितनी डोज दी जाएंगी अगर एक से ज्यादा डोज दी जाएंगी, तो उनमें कितना अंतर होगा बच्चों पर कोरोना वैक्सीन कितनी असरदार साबित हुई है इन सवालों का जवाब अभी आधिकारिक सूत्रों से मिलना बाकी है।

## रणजीत सिंह हत्याकांड: राम रहीम समेत पांच दोषियों की सजा पर फैसला सुरक्षित, 18 अक्तूबर को होगा एलान

पंचकूला (हरियाणा)। बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने मंगलवार को डेरामुखी राम रहीम समेत पांच दोषियों की सजा पर बहस पूरी कर ली है। अब 18 अक्तूबर को सजा का एलान होगा। पूरे पंचकूला में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पुलिस ने 17 नाके लगाकर शहर की सुरक्षा में 700 जवानों को तैनात किया था। जिला अदालत के बाहर भी पुलिस के जवान बड़ी संख्या में तैनात थे। जिले में धारा-144 लागू थी। राम रहीम इन दिनों रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। डेरामुखी राम रहीम की रोहतक की सुनारिया जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीबीआई की विशेष अदालत में पेशी हुई। वहीं, दोषी कृष्ण कुमार, अवतार, जसवीर और सबदिल को सीबीआई कोर्ट के सामने पेश किया गया। पेशी के दौरान राम रहीम पहले से काफी कमजोर दिखा। हालांकि चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। राम रहीम ने सिर पर सफेद टोपी पहन रखी थी और दाढ़ी काली थी। कुछ दिन पहले ही राम रहीम ने रोहतक की सुनारिया जेल में मानवाधिकार आयोग से अपनी दाढ़ी काली कराने की अपील की थी। रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में आठ अक्तूबर को डेरामुखी गुरमीत राम रहीम सिंह और कृष्ण कुमार को कोर्ट ने आईपीसी की धारा-302 (हत्या), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र रचना) के तहत दोषी करार दिया है। वहीं, अवतार, जसवीर और सबदिल को कोर्ट ने आईपीसी की धारा-302 (हत्या), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र रचना) और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार दिया था। पेशी के दौरान राम रहीम ने अपने आठ पेज के बयान में कोर्ट को सामाजिक कार्यों का हवाला दिया। राम रहीम ने अपने जनहित व सामाजिक कार्यों के आधार पर सजा में राहत देने की अपील भी की। यह जानकारी रणजीत सिंह के बेटे जगसीर के वकील आरएस बैंस ने दी।

## चिंतन मनन

### स्पेस में भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत उन गिने-चुने देशों में है, जिसके पास एन्ड टु एन्ड टेक्नोलॉजी है। हमने एफिशिएंसी को ब्रांड का अहम हिस्सा बनाया है। स्पेस एक्सप्लोरेशन की प्रोसेस हो या स्पेस की टेक्नोलॉजी हो... इसे हमें निरंतर एक्सप्लोर करना है। एक पार्टनर के तौर पर इंडस्ट्रीज को युवा इन्वेंटर को सपोर्ट कर रही है और करती रहेगी। हमने देखा है कि 20वीं सदी में स्पेस और स्पेस पर राज करने की प्रवृत्ति ने दुनिया के देशों को किस तरह विभाजित किया। अब 21वीं सदी में स्पेस दुनिया को जोड? में अहम भूमिका निभाए, ये भारत को सुनिश्चित करना होगा। देश ने पिछले कुछ सालों में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने भी कई लॉन्च सफल रहे हैं। हालांकि, कोरोना की वजह से इनमें से कुछ अंतरिक्ष मिशनों के कार्यक्रम में देरी आई है। देश के पहले सौर मिशन के 2022 की तीसरी तिमाही में लॉन्च होने की संभावना है। अगले साल भारत की दूसरी अंतरिक्ष वेधशाला एक्सपोसैट भी लॉन्च होगी। वहीं, गगनयान मिशन भी 2022 के अंत तक या 2023 की शुरूआत में शुरू होने की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल दर साल नए-नए इतिहास रच रहा है। अब स्वदेशी ही नहीं विदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण इसरो करने लगा है। दुनिया भर में इसरो की साख बढ़ी है। आज दुनिया में जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं, अमेरिका, रूस, चीन जैसे दुनिया के कुछ ताकतवर देश जिस प्रकार पिछले कुछ दशकों में मजबूत अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरे हैं और अंतरिक्ष में अपने हथियारों की तैनाती कर रहे हैं, उससे भविष्य में अंतरिक्ष युद्ध की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में भारत के लिए भी इसी दिशा में कदमताल करते हुए अंतरिक्ष में अपनी स्थिति मजबूत करना समय की बड़ी मांग है और ऐसे में भारत के लिए इसरो की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इसरो जिस जोश और बेहद उन्नत तकनीक के साथ एक के बाद एक सफल अभियानों को अंजाम दे रहा है, उसका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। इसरो के बुलंद हौसलों और उसके अभियानों की बड़ी सफलता दर के कारण ही "नासा" भी अब अपने उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कराने के लिए इसरो की मदद ले रहा है। उरी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उसमें इसरो के उपग्रहों की मदद से ही आतंकियों के ठिकानों का पता लगाया गया था और सजीव तस्वीरें मंगाई गई थीं। ठीक उसी प्रकार बालाकोट हमले के बाद किए गए हवाई हमलों में भी इसरो ने अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रहों से तस्वीरें ली थीं। इसरो की तीन उपग्रह श्रृंखलाओं (रीसैट, काटोसैट तथा जीसैट) इस कार्य में मददगार साबित हुई थीं। काटोसैट की ही भांति रीसैट भी हर प्रकार के मौसम में पृथ्वी की तस्वीरें लेने में सक्षम है, जिसके जरिए अंतरिक्ष से जमीन पर तीन फीट की ऊंचाई तक की बेहतरीन तस्वीरें ली जा सकती हैं। आज स्पेस के क्षेत्र में भारत किसी पर मोहताज नहीं है। भारत ने अपनी क्षमता से यह साबित कर दिखाया है कि अमेरिका, चीन और रूस कितनी भी सफलताएं अर्जित कर लें, वे भारत की अनदेखी नहीं कर सकते। स्पेस में एक के बाद एक इसरो की सफलताएं हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण हैं और रहेंगी।

### मौसम है चुनाव का !



छूट रहे अब तीर वो ।
जो थे पड़े कमान ।।
मौसम है चुनाव का ।
चढ़ा तापमान ।।
मिलते धुर विरोधी ।
अब अवसर वो आन ।।
भूल कर मतभेद ।
बन रहे मेहमान ।।
कोशिश और तैयारी ।
माहौल अब हर हाल ।।
ना पड़ेगा फर्क ।
पूछो लाख सवाल ।।
मकसद है हमारा ।
वोट मिले भरपूर ।।
है सत्ता ललचाए ।
रह ना पाते दूर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# बीमारियों की सौगात परोस रहा है वायु प्रदूषण

दुनियाभर में वायु प्रदूषण के खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है, यहां तक कि लोगों की आयु घटने का भी एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। हाल ही में बेल्जियम में हुए एक अध्ययन में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामान्य वायु प्रदूषकों से भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। प्रमुख शोधकर्ता सैन मैटेओ फाउंडेशन के डा. फ्रांसेस्का आर जेंटाइल के अनुसार सात सामान्य प्रदूषकों का अध्ययन करने पर पाया गया कि इनके कारण हृदय गति रूकने का खतरा बढ़ा। इस अध्ययन में रोजमर्रा के प्रदूषकों की सांद्रता तथा अस्पताल के बाहर देखे गए कार्डियाक अरेस्ट के मामलों के बीच संबंधों की पहचान की गई। दरअसल वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर निरन्तर घातक होता जा रहा है। वर्ष 1990 तक जहां 60 फीसदी बीमारियों की हिस्सेदारी संक्रामक रोग, मातृ तथा नवजात रोग या पोषण की कमी से होने वाले रोगों की होती थी, वहीं अब हृदय तथा सांस की गंभीर बीमारियों के अलावा भी बहुत सी बीमारियां वायु प्रदूषण के कारण ही पनपती हैं। सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक अब वायु प्रदूषण की जद में होते हैं।

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। विभिन्न रिपोर्टों में यह तथ्य भी सामने आया है कि भारत में लोगों पर पीएम 2.5 का औसत प्रकोप 90 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक पिछले दो दशकों में देशभर में वायु में प्रदूषक कणों की मात्रा में करीब 69 फीसदी तक की वृद्धि हुई है और जीवन प्रत्याशा सूचकांक, जो 1998 में 2.2 वर्ष कम था, उसके मुकाबले अब एक्यूएलआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 5.6 वर्ष तक कमी आई है। अमेरिका की



शिकागो यूनिवर्सिटी के द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के शोधकर्ता एक अध्ययन के बाद खुलासा कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के ही कारण भारत में लोगों की औसत आयु कम हो रही है।


कुछ अध्ययनों के अनुसार भारत की कुल 1.4 अरब आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर डब्ल्यूएचओ के मानकों से ज्यादा है। 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी जगहों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है। भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है और यदि प्रदूषण का स्तर बरकरार रहता है तो उत्तर भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की आयु में आठ साल से ज्यादा की कमी आ सकती है। उत्तर भारत दक्षिण एशिया में सर्वाधिक प्रदूषित हिस्से के रूप में उभर रहा है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण पिछले 20 वर्षों में 42 फीसदी बढ़ा है और जीवन प्रत्याशा घटकर 8 वर्ष हो गई है। हालांकि भारत नेशनल क्लीन एयरकार्यक्रम के तहत वर्ष 2024 तक पार्टिकुलेट प्रदूषण को 20-30 फीसदी तक घटाने के लिए प्रयासरत है लेकिन शोधकताओं का कहना है कि यदि भारत अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि भारत अगले कुछ वर्षों में प्रदूषण का स्तर 25 फीसदी भी घटा लेता है तो राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा 1.6 वर्ष और दिल्लीवालों की 3.1 वर्ष बढ़ जाएगी।

कुछ ही दिनों पहले ह्यवायु गुणवत्ता जीवन सूचकांकह्न (एक्यूएलआई) की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण तरह-तरह की बीमारियां पैदा करने के अलावा लोगों की आयु भी घटा रहा है अर्थात इसका सीधा प्रभाव जीवन प्रत्याशा पर पड़ रहा है। भारत के संदर्भ में रिपोर्ट में कई सनसनीखेज तथ्य उजागर किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के अनुमानित प्रभावों की तीव्रता सम्पूर्ण उत्तर भारत में बहुत ज्यादा है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनियाभर में सबसे ज्यादा खतरनाक है। एक्यूएलआई रिपोर्ट के अनुसार यदि वर्ष 2019 जैसा वायु प्रदूषण संघनन जारी रहा तो दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता जैसे सर्वाधिक प्रदूषित महानगरों में रहने वाले लोग अपनी जिंदगी के नौ से ज्यादा वर्ष खो देंगे। रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 48 करोड़ लोग गंगा के मैदानी क्षेत्र में रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है और यह प्रदूषण अब गंगा के मैदानों से आगे मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे राज्यों तक फैल गया है, जहां खराब वायु गुणवत्ता के कारण लोग 2.5 से 2.9 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट के मुताबिक केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्य राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा को 1.7 वर्ष तक बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं लेकिन इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक मोर्चे पर ठोस नीतियों की आवश्यकता है।

कुछ समय पूर्व बोस्टन के हैल्थ इफैक्ट इंस्टीच्यूट तथा हैल्थ मैट्रिक्स एंड एवल्यूशन की प्रदूषण के मनुष्यों की आयु पर पड़ने वाले अच्छे-बुरे प्रभावों को लेकर किए गए अध्ययन की रिपोर्ट भी सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत सहित सभी एशियाई देशों में वायु में घुलनशील प्रदूषणकारी तत्वों पीएम 2.5 की मात्रा निरन्तर बढ़ रही है। अध्ययनकताओं का कहना था कि पीएम 2.5 का स्तर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अफ्रीकी देशों में डब्ल्यूएचओ के मानकों से बहुत ज्यादा है, जिस कारण दुनियाभर के प्रत्येक क्षेत्र में जीवन प्रत्याशा में कमी आ रही है। आईसीएमआर की एक रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में औसत आयु घट रही है। पिछले साल ह्यसेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंटह्न द्वारा भी कहा गया था कि वायु प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के कारण देश में जीवन प्रत्याशा औसतन 2.6 वर्ष घट गई है। बहरहाल, शोधकताओं का कहना है कि वायु की गुणवत्ता में सुधार करके इस स्थिति को और बिगड़ने से बचाया जा सकता है। एक्यूएलआई के निदेशक केन ली कहते हैं कि जीवाश्म ईंधन संचालित वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक समस्या है और वायु प्रदूषण से मुक्ति पूरी दुनिया को औसत आयु में दो वर्ष जबकि सर्वाधिक प्रदूषित देशों को पांच साल बढ़त दिला सकती है। ली के मुताबिक अगर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल वायु गुणवत्ता को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बनाने में सफल हो जाएं तो यहां के लोगों की औसत आयु 5.6 वर्ष बढ़ जाएगी अन्यथा उम्र इतनी ही घट जाएगी। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन के मुताबिक वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

# भारतीय समाजवाद के प्रखर राजनेता, प्रचारक तथा प्रवक्ता थे जय प्रकाश नारायण

11 अक्तूबर 1902 को सिताबदियरा में पैदा हुए लोकनायक जयप्रकाश ने अपना राजनीतिक जीवन गाँधीवादी असहयोगी और भगवत गीता के दर्शन के ईमानदार विद्यार्थी और अनुयायी के रूप में किया। हालांकि कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय अमेरिका में अध्ययन के दौरान उनका सम्पर्क पूर्वी यूरोप के बुद्धिजीवियों से हुआ और उनके प्रभावस्वरूप वह मार्क्सवाद की तरफ आकर्षित हुए। उनके मस्तिष्क को मानवेन्द्र नाथ राय की धारदार रचनाओं ने भी प्रभावित किया था। मार्क्सवाद से आकर्षित होने के बावजूद उन्होंने रसियन क्रांति का समर्थन नहीं किया और बोलशेविक पार्टी द्वारा किये गये हिंसात्मक कार्रवाइयों से उनको बहुत आघात लगा। वे मार्क्सवाद से प्रभावित होने के बावजूद साम्यवाद के सत्तावादी कठोर नियंत्रण व्यवस्था के प्रमुख आलोचक रहे। तिब्बत पर अपनाये गये चीनी साम्यवादियो के रवैये की उन्होंने कटु आलोचना की। जयप्रकाश नारायण ने समाजवादी मन-मिजाज और वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ कांग्रेस पार्टी मे शिरकत किया । 1934 में भारतीय कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना में उन्होंने महती भूमिका निभाई तथा दल और दल के कार्यक्रमो को लोकप्रिय बनाने में अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया। एक प्रखर समाजवादी प्रवक्ता के रूप में जयप्रकाश नारायण की प्रखरता




इस बात में थी कि-उन्हें राजनीति के आर्थिक आधारों का स्पष्ट ज्ञान था। इसी प्रखरता और प्रतिभा के कारण महात्मा गाँधी उन्हें समाजवाद का सबसे बडा भारतीय विद्वान मानते थे। रसियन विचारकों की अपेक्षा जयप्रकाश नारायण पर अमेरिकन और ब्रिटिश समाजवादी विचारकों का ज्यादा प्रभाव था। वह समाजवाद को आर्थिक-सामाजिक पुनर्निर्माण का एक सम्पूर्ण सिद्धांत मानते थे। समाजवादी होने के नाते उनका स्पष्ट अभिमत था कि- सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में व्याप्त असमानता का मुख्य कारण चुनिंदा लोगों का उत्पादन के साधनों पर अत्यधिक नियंत्रण और बृहत्तर आबादी का उससे वंचित होना है। समाजवाद की स्थापना उत्पादन के साधनों का सामाजीककरण करके ही की जा सकती हैं। समाजवादी व्यवस्था ही विशाल जन समुदाय को आर्थिक शोषण की निर्मम प्रक्रियाओं से मुक्ति दिला सकती हैं।

जयप्रकाश नारायण ने समाजवाद का पक्षपोषण भारतीय संस्कृति में निहित मूल्यों ,मान्यताओं और आदर्शों के आधार पर भी किया। उनके अनुसार वस्तुओं का मिल-बाँट कर उपभोग करने की परम्परा भारतीय संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रही हैं। इसलिए उनके अनुसार यह आरोप उपहासास्पद है कि समाजवाद का सिद्धांत पश्चिम से लिया गया है। इसमें संदेह नहीं है कि समाजवाद के व्यवस्थित आर्थिक सिद्धांतों का निरूपण पश्चिम में हुआ परन्तु समाजवाद के आदर्श और दार्शनिक तत्व भारतीय संस्कृति में विद्यमान रहे हैं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में समाजवाद की स्थापना के लिए वह भूमि-सम्बन्धी कानूनों में आमूल-चूल सुधार की आवश्यकता पर बल देते थे और वह सहकारी खेती के प्रबल पक्षधर थे। उनके अनुसार सम्पूर्ण एशिया की मुख्य आर्थिक समस्या कृषि पुनर्निर्माण की है। महात्मा गांधी के निधन के उपरांत जयप्रकाश नारायण के राजनीतिक व्यक्तित्व का गहरा रूपांतरण हो गया। उन्हें संस्थागत और बाह्य परिवर्तनों की उपादेयता पर संदेह होने लगा और आभ्यंतरिक परिवर्तन के उस सिद्धांत पर विश्वास बढ्ने लगा जिस पर गाँधी जी सर्वाधिक बल दिया। कालान्तर में वह सुप्रसिद्ध गाँधी वादी संत विनोबा भावे के प्रभाव में सर्वोदयी हो गए तथा सर्वोदय और सम्पूर्ण क्रांति के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज जब दलगत राजनीति पतन की तरफ अग्रसर हैं ऐसे समय में जयप्रकाश नारायण द्वारा प्रस्तुत दलविहिन जनतंत्र का विचार निश्चित रूप से विचार करने योग्य है।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**बापू स्मारक इंटर कॉलेज दरगाह मऊ**

## ऊर्जा राज्यमंत्री ने किया पूजा पंडालों का दर्शन व कार्यकताओं से किया संवाद



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। उत्तर प्रदेश शासन में ऊर्जा राज्यमंत्री मड़िहान विधानसभा से विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने विधानसभा क्षेत्र के अहरौरा नगर कस्बे में नवरात्र में स्थापित देवी पंडालों में किया विधिवत दर्शन एवं पूजन व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद क्षेत्रीय विधायक ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने अपने क्षेत्र के विभिन्न दुगार्पूजा पंडालों में दर्शन के बाद पार्टी के आम व खास कार्यकताओं से चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर किया गहन विचार विमर्श प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पहले की सरकारों में अरोड़ा क्षेत्र में मात्र 6 घंटे बिजली मिलती थी एवं विकास कार्य एकदम निचले पायदान पर था उत्तर प्रदेश में जब से माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनी है प्रदेश के हर क्षेत्र में हर वर्ग का विकास हुआ है क्षेत्र और प्रदेश की जनता ने एक बार पुनः अपने मन में यह विचार बना लिया है कि योगी जी को मुख्यमंत्री बनाना है नगर भ्रमण कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह अग्रहरि सतीश केसरी कृष्णा तिवारी विनोद अग्रहरि राघवेंद्र प्रताप सिंह अमित शाह रमेश बहेलिया विनोद पटेल,मनोज मोदनवाल,आशीष अग्रहरि,अरुण अग्रहरि,जयकिशन जायसवाल, अंजनी जायसवाल,सहजादे कुरैशी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजमाता ने जनसेवा से कभी मुख नहीं मोड़ा



राजमाता विजया राजे सिंधिया त्याग एवं समर्पण की प्रति मूर्ति थी। उन्होंने राजसी ठाठ-बाट का मोह त्यागकर जनसेवा को अपनाया तथा सत्ता के शिखर पर पहुँचने के बाद भी उन्होंने जनसेवा से कभी अपना मुख नहीं मोड़ा। विजयाराजे सिंधिया का जन्म 12 अक्टूबर 1919 को सागर, मध्य प्रदेश के राणा परिवार में हुआ था। इनके पिता नाम महेन्द्रसिंह ठाकुर था और विजयाराजे सिंधिया की माता नाम श्रीमती विंदेश्वरी देवी थीं। विजयाराजे सिंधिया का विवाह के पहले का नाम ह्यलेखा दिव्येश्वरीह्न था। इनका विवाह 21 फरवरी, 1941 में ग्वालियर के महाराजा जीवाजी राव सिंधिया से हुआ था। विजयाराजे के बेटे नाम माधवराव सिंधिया, बेटी का नाम वसुंधरा राजे सिंधिया, यशोधरा राजे सिंधिया और पौत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। विजया राजे सिंधिया अपने पति जीवाजी राव सिंधिया की मृत्यु के बाद संसद सदस्य बनीं थीं। अपने सैध्दांतिक मूल्यों के दिशा निर्देश के कारण विजया राजे सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। तब से लेकर उन्होंने अनेकों बार संसद और विधानसभा का कुशल नेतृत्व किया। 1998 से राजमाता का स्वास्थ्य खराब रहने लगा और 25 जनवरी, 2001 में राजमाता विजया राजे सिंधिया का निधन हो गया।

अतुलनीय, सौम्य, शालीन और विनम्र छवि ज़िंदगी के कड़वे अनुभवों के बावजूद राजमाता को करीब से जानने वाले बताते हैं कि वो बेहद सहज महिला थीं। कोई उन्हें 'प्रिंसेस' या 'राजकुमारी' कहता था, तो वो इसका विरोध करती थीं। 'मुझे सब लेखी देवी ही कहते हैं, वही कहिए', अक्सर दूसरों को इसी तरह टोकती थीं। राजमाता जी कहती भी थीं- मैं एक पुत्र की नहीं, मैं तो सहस्त्रों पुत्रों की मां हूं, उनके प्रेम में आकंठ डूबी



रहती हूं। उल्लेखनीय, पिछली शताब्दी में भारत को दिशा देने वाले कुछ एक व्यक्तित्वों में राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी शामिल थीं। राजमाताजी केवल वात्सल्यमूर्ति ही नहीं थीं, वो एक निर्णायक नेता थीं और कुशल प्रशासक भी थीं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी के इतने दशकों तक, भारतीय राजनीति के हर अहम पड़ाव की वो साक्षी रहीं।

अभिभूत, विवाह से पहले राजमाताजी किसी राजपरिवार से नहीं थीं, एक सामान्य परिवार से थीं। लेकिन विवाह के बाद उन्होंने सबको अपना भी बनाया और ये पाठ भी पढ़ाया कि जनसेवा के लिए, राजकीय दायित्वों के लिए किसी खास परिवार में जन्म लेना ही जरूरी नहीं होता। अनुकरणीय, कोई भी साधारण से साधारण व्यक्ति, जिनके भीतर योग्यता है, प्रतिभा है, देश सेवा की भावना है वो इस लोकतंत्र में सत्ता को भी सेवा का माध्यम बना सकता है। आप कल्पना कीजिए सत्ता थी, संपत्ति थी, सामर्थ्य था, लेकिन उन सबसे बढ़कर जो राजमाता की अमानत थी, वो थी संस्कार, सेवा और स्नेह की सरिता। ये सोच, ये आदर्श उनके जीवन के हर कदम पर हम देख सकते हैं।

अगर राजमाताजी चाहती तो उनके लिए बड़े से बड़े पद तक पहुंचना मुश्किल नहीं था। लेकिन उन्होंने लोगों के बीच रहकर, गांव और गरीब से जुड़े रहकर उनकी सेवा करना पसंद किया। हम राजमाता के जीवन के हर एक पहलू से हर पल बहुत कुछ सीख सकते हैं। राजमाता के जीवन में अध्यात्म का अधिष्ठान था। साधना, उपासना, भक्ति उनके अन्तर्मन में रची बसी थी। लेकिन जब वो भगवान की उपासना करती थीं, तो उनके पूजा मंदिर में एक चित्र भारत माता का भी होता था। नारीशक्ति के बारे में तो वो विशेषतौर पर कहती थीं कि-ह्लजो हाथ पालने को झुला सकता है, वह विश्व पर राज भी कर सकते हैंह्व। आज भारत की यही नारीशक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, देश को आगे बढ़ा रही है। आज भारत की बेटियाँ पार्टनर जेटस उड़ा रही हैं, सेनाओं में युद्ध की भूमिकाओं में अपनी सेवाएँ दे रही हैं। आज तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर देश ने राजमाता की उस सोच को, नारी सशक्तिकरण के उनके प्रयास को और आगे बढ़ाया है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर, लेखक, पत्रकार व विचारक**

## नवरात्र के सप्तमी को हुआ मा का हुआ श्रृंगार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। मंगारी बाजार स्थित प्राचीन माँ दुर्गा मंदिर में स्थापित माँ दुर्गा का वार्षिक श्रृंगार भक्तजनों द्वारा मंगलवार को नवरात्र के सप्तमी तिथि को फूलों से भव्य ढंग से किया गया। इस दौरान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और सायंकाल में विद्युत झालर की रोशनी से भव्यता निखर रही थी। वही भक्तों का दर्शन व आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगा रहा। इस दौरान प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बीडीसी श्याम मोहन गुप्ता,कृष्ण कुमार सेठ,रवि गौंड, रिंकू गुप्ता, ऋषि चौरसिया, प्रशान्त जायसवाल, संतोष, लालू व राहुल सेठ का विशेष सहयोग रहा।



# पुलिस सुरक्षा को चकमा देकर वामपंथी कार्यकर्ताओ ने निकाला जुलूस, की सभा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। लखीमपुर में किसानो के हत्या को नरसंहार संज्ञा देते हुए घटना के खिलाफ सँयुक्त रूप से वामपंथी दल और ऐपवा ने विरोध प्रदर्शन मंगलवार को सिंधोरा में दोपहर बाद किया। इसके पूर्व पुलिस प्रशासन व कार्यकताओं के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा और इसके सिंधोरा पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में भी ले चुकी थी। लेकिन दोपहर बाद अचानक वामपंथी दलों के कार्यकर्ता सिंधोरा बाजार में सड़क पर उतरे और पुलिस सुरक्षा को धता बताते हुए जुलूस निकालकर कर प्रदर्शन किया। जबकि पुलिस ने सीपीआई के कामरेड जयशंकर प्रसाद, सीपीएम से नन्दाशास्त्री और सीपीआई (एमल ) से अमरनाथ यादव को सुबह से ही हिरासत में लेकर सिंधोरा थाने में बैठा लिया गया था। इसके बावजूद भी पुरुष व महिला कार्यकर्ताओ ने सिंधोरा बाजार में प्रतिरोध मार्च निकाला और सिंधोरा चौराहे के समीप सभा की। सभा को सम्बोधत करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जब तक लखीमपुर किसान नरसंहार के आरोपित आशीष मिश्रा को कड़ी सजा की गारंटी नही होती और केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी की मंत्री पद से बर्खास्त को नही किया जाता तब तक उत्तर प्रदेश की जनता किसानों के हक में आंदोलन करती रहेगी। वक्ताओं ने यह भी कहा कि किसान आंदोलन सिर्फ किसानों का नही वल्कि अब जनता का आंदोलन बन गया है और जब तक यह तीनों कृषि कानूनों को सरकार वापस नही लेती तब तक किसानों और मजदूरों की एकता के पक्ष में सड़को पर उतरती रहेगी। सभा का संचालन ऐपवा की राज्य सचिव कुसुम वर्मा ने किया। सभा को कृपा वर्मा, प्रो निहार भट्टाचार्य, डॉ नूरफतिमा, विभा वाही, कमरेड साकेत , रूखसाना, का.अशोक, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश यादव ने सम्बोधित किया। मृतक किसानों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।




## बाली सुग्रीव युद्ध लंका दहन की लीला का मंचन हुआ संपन्न



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर रविवार की रात बाली सुग्रीव युद्ध, लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने श्री बाल राम लीला में दिखाया कि जामवंत जी हनुमान जी को उनका बल याद दिलाते हैं। मार्ग में अनेक बाधाओं को पार कर वे लंका पहुंच जाते है।

इस दौरान हनुमान जी ने सुरसा नामक राक्षसी का वध करते हैं। इसके बाद वहां उनकी भेंट विभिषण से होती है। वह उन्हें सीता जी के अशोक वाटिका में होने की जानकारी देते हैं। इस बीच रावण-सीता में तीखा संवाद होता है। उसके पश्चात हनुमान जी वाटिका में पहुंचकर सीता जी को परिचय देते हैं। हनुमान जी माली और अक्षय कुमार को मार देते हैं। इसके बाद मेघनाद द्वारा हनुमान जी को ब्रह्मफास में बांध देते हैं। इसके बाद उन्हें रावण के दरबार में लाया जाता है। रावण हनुमान की पूंछ में आग लगवा देता है। वे अपनी पूंछ से पूरी लंका को जला देते हैं।

समुद्र में पूछ की लगी आग को बुझाने के बाद सीता जी से अनुमति और चूड़ामणि लेकर श्री राम के पास लौट जाते हैं। वीर बजरंग बली के जय घोष से पूरा प्रांगण गूंज उठा।इस मौके अध्यक्ष कुमार आनंद, बृजेश कुमार, कामेश्वर, पुण्य, विकास,कन्हैया, सतीश,अभिषेक,धीरज, रवींद्र नाथ, शिरीष चंद्र,विशाल,रोशन, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पतरही बाजार में पूर्व विधायक गुलाब सरोज ने जय बजरंग किसान सेवा केन्द्र का किया उद्धघाटन



प्रखर पतरही जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोपा में स्थित पतरही बाजार में कोपा बहिरी मोड़ त्रिमुहानी पर जय बजरंग किसान सेवा केन्द्र का समाजवादी पार्टी केराकत के पूर्व विधायक गुलाब चंद सरोज ने फीता काटकर किया उद्धघाटन इस अवसर पर आशीष यादव "राहुल",ग्राम प्रधान कोपा चन्द्रकेश जायसवाल, अनिल यादव "मैनेजमेंट गुरु",विपिन यादव,मुकेश सिंह" गेंदी",सुशील सिंह, बबलू यादव,कमलेश यादव "पप्पू",मिथिलेश यादव,प्रदीप यादव, राजबली यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रापए के कोषाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा का आयोजन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े पत्रकारों की आपात बैठक मंगलवार को अहरौरा स्थित कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं संगठन को आगे बढ़ाने में संस्थापक अभिन्न सहयोगी रहे उमाशंकर चौधरी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखें मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य होशिला प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया था शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार राजेश द्ववेदी, सत्यम,आनन्द, भारत भूषण त्रिपाठी , अतुल मिश्रा , सतीश चंद्र मिश्रा , कामेश्वर पाल , सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# डॉ अमित सिंह को चिकित्सा प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया

प्रखर वाराणसी। काशी डेंटल केयर के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर अमित कुमार सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने चिकित्सा प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया है । डॉ अमित सिंह इसके पहले भी कई सामाजिक संगठनों में कई पदों का दायित्व निभा रहे हैं। उनकी कर्मठता और व्यवहार कुशलता को देखते हुए राजर्षि मंडल के अध्यक्ष ने उन्हें राजर्षि मंडल का चिकित्सा प्रकोष्ठ का संयोजक जैसा दायित्व सौंपा है। राजर्षि मंडल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक चुने जाने के बाद डॉ अमित सिंह ने प्रखर



पूर्वांचल से वार्ता करते हुए कहा कि पार्टी ने जो दायित्व ने सौंपा है वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करते हुए पार्टी के उद्देश्यों को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कोरोना का महामारी में सरकार के प्रयास को सराहाते हुए डॉ अमित सिंह ने कहा जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद को जनता की सेवा में समर्पित कर दिया था। इसको देखते हुए डॉक्टर समुदाय के बीच एक विश्वास मजबूत हुआ । सुबे के मुखिया ने डॉक्टरों को अधिकतम प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और इस महामारी से प्रदेश को बचाने का काम किया। परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश सबसे पहले नियंत्रित करने में सफल हुआ है।

## किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्यों की हुई बैठक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिण्डरा विधानसभा के विभिन्न मण्डलों की मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा की मण्डल कार्यसमिति की बैठक हिबरनपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाउपाध्यक्ष पवन सिंह,



जिलामहामंत्री डॉ. जे पी दुबे द्वारा संगठन द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं व वोटर लिस्ट पुनरीक्षण की जानकारी दी गई । बैठक के दौरान मण्डल कार्यसमिति सदस्यों का सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य व किसान मोर्चा प्रभारी रवि मिश्रा,जिलामंत्री हौशिला पाण्डेय, लक्ष्मण पटेल, जयशंकर सिंह,श्याम प्यारे गिरी, राजकुमार विश्वकर्मा, सप्पू, अतुल रावत बेलवाँ समेत अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य रहे।

# पोषण सप्ताह के तहत हुई विविध कार्यक्रम



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के एक दर्जन आंगनवाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को पोषण माह के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिससे गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त खाद्य पदार्थ व हरी सब्जियों के बारे में जानकारी दी गई। जमापुर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर शीला यादव ने कहाकि गर्भवती महिलाओं को सुबह उठकर नाश्ते के रूप में गुड़ व अंकुरित चना का सेवन अत्यंत लाभकारी होता है। इसके अलावा सभी महिलाओं को मिक्स दाल का प्रयोग और हरी सब्जियों का प्रयोग सलाद के साथ भरपूर मात्रा में करनी चाहिए। इस दौरान ग्राम प्रधान विनोद पटेल, रागिनी पटेल, रीता देवी, सरिता देवी समेत अनेक महिलाये उपस्थित रही। इस बाबत सीडीपीओ वीके उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोषण माह के तहत 7 दिनों तक जगह जगह आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण दिवस मनाया गया।

## खेत पर खाना लेकर जा रहे युवक को मारपीट कर किया लहूलुहान

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित वनस्थली महाविद्यालय के समीप अपने खेतों पर रात्रि खाना लेकर जा रहे युवक कीमनभर युवकों ने मारपीट कर किया लहूलुहान पास में रखे पैसे भी छीने, प्राप्त सूचना के अनुसार पुनवासी पुत्र बिरजू चौहान निवासी पट्टी कला कस्बा अहरौरा देर शाम अपने घर से लखनिया के समीप स्थित पियरी अपने खेतों पर खाना लेकर जा रहा था युवक अपनी साइकिल से जैसे ही मुख्य सड़क वनस्थली महाविद्यालय के समीप पहुंचा वहां पहले से मौजूद चार पांच की संख्या में मनबढ युवकों ने युवक से मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया एवं उसके पास मौजूद 4700 रुपए समेत उसकी सायकिल छीन ली, डरा सहमा युवक रात्रि में किसी तरह निजी चिकित्सक में अपना इलाज करा कर घर पहुंचा एवं अपनी आपबीती परिजनों समेत मित्रों को बताया, सुबह युवक ने अपने साथ हुए घटना की तहरीर स्थानीय थाने में दी हुई है।

## नाक कान बिन भ ई बिकराला सूर्पनखा

प्रखर चोबेपुर वाराणसी। रामबाग गोकुलपुर मे आज नकटैया रामलीला का मंचन किया।सूपनखा जब भगवान राम के पास ग ई तो एक सुन्दर स्त्री का रूप धारण करके ग ई।और तरह तरह के बात से बहकाने का प्रयास किया।श्री राम जी ने कहा मै तो शादी शुदा हू।तुम मेरे भाई लक्ष्मण के पास जाओ।वही शादी करैगे।तो सुपनखा लक्ष्मण के पास ग ई।तो उन्होने कहा मै तो सेवक हू।तुम मेरे स्वामी के पास जाओ।तब सुपनखा कोधित हो उठी।तब लक्ष्मण जी नाक कान दोनो काट लिये( ।नाक कान बिनी भ ई बिकराला )उसके बाद रोती हुई खर दुषन के पास ग ई।



लेकिन श्रीराम ने उन्हे मार डाला। उसके बाद रावण के पास ग ई। तब रावण ने सोचा।( खर दुषन मो सम बलवन्ता इन्ही न मारे बिन भगवन्ता) तब छल से मुनि के भैष बदल कर सीताजी का हरन किया।बहुत ही सुन्दर रामलीला का मंचन किया गया। वहा के अध्यक्ष दिनकर चौबे कोषाध्यक्ष आलोक चौबे व्यवस्थापक विनीत चोबै ने बताया कि यह की सुप्रसिध्द रामलीला मे से एक यह भी रामलीला है।

## गंभीरपुर बाजार में निकाली गई प्रभु श्री राम की रथ यात्रा



प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। गंभीरपुर बाजार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला के शुभारंभ के 1 दिन पूर्व राम जी की रथ यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई वर्षों पुरानी इस परंपरा को जीवित रखते हुए धूमधाम से भगवान का रूप धारण कर राम, लक्ष्मण, सीता के साथ हनुमान जी की रथ यात्रा पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए रामलीला मंचन स्थल राम जानकी मंदिर परिसर में समाप्त हुई। भ्रमण के समय जगह-जगह रथ यात्रा का स्वागत किया गया तथा जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूजन अर्चन के साथ आरती की गई। रामलीला समिति के संरक्षक पंडित पद्माकर मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला के मंचन के 1 दिन पूर्व राम जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है और रामलीला मंचन कार्यक्रम बुधवार से शुरू होगा। इस मौके पर रामलीला समित के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, अनिल चौरसिया श्याम सुंदर सिंह करुणाकर मिश्रा अंकित चतुर्वेदी समेत अनेक लोग रथ यात्रा के साथ चलते रहे।

# शिलान्यास करने आए राज्यमंत्री सांसद पर जमकर बरसे

## अब्बोपुर से पोरईकला सम्पर्क मार्ग का किया उद्घाटन

प्रखर खेतासराय जौनपुर। एक ही परियोजना को सांसद और राज्यमंत्री द्वारा शिलान्यास करने का मामला थमने का नाम ही नही ले रहा है।सांसद श्याम सिंह यादव द्वारा राज्यमंत्री के ऊपर आरोपों का बौछार लगाने के बाद अब राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव भी सार्वजनिक कार्यक्रम में भी निशाना साधने से नही चूक रहे।उन्होंने यहाँ तक कह दिया उनके द्वारा यह हथकण्डा सिर्फ जनपद में चचाओं में बने रहने के लिए किया गया है।

वे अब्बोपुर में आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत द्वारा स्वीकृति सड़क का शिलान्यास करने आए थे। उक्त सड़क की लम्बाई 3 किमी और लागत 199.66 लाख है।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए



श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की यह परियोजना मेरे प्रयास से स्वीकृति हो गई तो सांसद 11 माह बाद अपना प्रस्ताव दे देते है।कोरोना काल से लेकर अबतक वे जनता से दूर रहे है।जनता उनका हिसाब लेगी। कहा कि इस से बड़ा क्या प्रमाण हो सकता है।उनके प्रस्ताव स्वीकृति के बाद अधीक्षण अभियंता ने उन्हें रिसीविंग तक दिया।सांसद के ऊपर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें संसदीय कार्यों की कोई जानकारी नही है,जिला पंचायत का पदेन सदस्य सांसद,विधायक और जिला पंचायत सदस्य की भी भूमिका होती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मेरा योगदान नही होता तो आपने शिलान्यास बोर्ड पर मेरा नाम अंकित क्यों कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ गजेन्द्र पांडेय, बलिहारी राजभर,धर्मेन्द्र मिश्रा, राजकेशर,प्रधान पति त्रिलोकी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संकुल स्तरीय मासिक शिक्षक बैठक का किया गया आयोजन



प्रखर केराकत जौनपुर। कम्पोजिट विद्यालय देवकली में संकुल स्तरीय मासिक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय यादव ने कहा कि कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व है और ऐसा कर-के ही हम मुफ्तीगंज को एक प्रेरक ब्लॉक बना पाएंगे । इस अवसर पर ए.आर.पी श्री जयप्रकाश यादव द्वारा मिशन प्रेरणा के बारे में चर्चा की गई । बैठक में प्रस्तुति देते हुए शिक्षक संकुल कमलेश खटवानी द्वारा शिक्षक डायरी, पाठ योजना, प्रेरणा तालिका आदि विषयों पर चर्चा की गई तथा नीरज नागर द्वारा स्कूल रेडिनस प्रोग्राम पर विचार व्यक्त किया गया ।इस अवसर पर शिक्षक संकुल शैलेंद्र दुबे ,स्वाति गुप्ता तथा विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक श्री प्यारेलाल, राम नारायण यादव, निर्मला पाल तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सपा कार्यालय पर सपाइयों ने मिलकर महंगाई बिजली कटौती एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रखर केराकत जौनपुर। पार्टी कार्यालय केराकत में डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता नीरज पहलवान मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव राकेश यादव अहिर पंकज यादव अरविंद कुमार यादव गोविंद यादव विपिन यादव बहिरी मिथिलेश यादव दीपचंद राम रामअवतार सोनकर विनोद साहू जी समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता साथी डॉ राम मनोहर लोहिया जी ने कहा था जिंदा कॉम 5 साल तक इंतजार नहीं करती इसी संदर्भ में बेरोजगार किसान मजदूरों आज सड़क पर दिखाई दे रहे हैं समाजवादी कार्यकताओं ने माननीय एसडीएम साहब को महंगाई व बिजली कटौती को लेकर आज ज्ञापन दिया गया।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष के निधन पर पत्रकारों ने जताई शोक



प्रखर संतकबीरनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष उमाशंकर चौधरी के हुए निधन पर पत्रकारों ने शोक जताई और शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खलीलाबाद तहसील ईकाई द्वारा ब्लाक सभागार सेमरियावां श्रंद्धाजलि अर्पित की गई तथा शोकसभा कर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई ।इस दौरान अध्यक्ष मोहम्मद अदनान ने कहा कि स्व. उमाशंकर चौधरी जी के निधन से पत्रकारिता जगत को गहरा आघात लगा है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं मंडलीय मंत्री महेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि उनका निधन से पत्रकारिता जगत में उनकी खाली जगह नहीं भरी जा सकती है। उन्होंने कहा सौम्य एवं सरल स्वभाव के उक्त व्यक्तित्व का हमारे बीच से जाना काफी दुखद है। इस दौरान मुख्यरूप से मसरुर अहमद,परवेज अख्तर ,अतहरूलबारी,नूर आलम सिद्दीकी,नफीस सिद्दीकी,तरीकत हुसेन, मुहम्मद अरशद चौधरी, मनौव्वर हुसेन समेत अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों के सहायक उपकरण के चिन्हीकरण हेतु कल सेमरियावां ब्लॉक में लगेगा कैम्प



प्रखर सेमरियावां/संतकबीरनगर। जनपद में कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कल सेमरियावां ब्लॉक के दिव्यांगों के सहायक उपकरण के लिए चिन्हीकरण हेतु ब्लॉक सभागार में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सेमरियावां ब्लॉक सभागार में कल 11 बजें से 3 बजें तक ब्लॉक के विभिन्न दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा चिन्हीकरण शिविर का आयोजन होगा जहाँ शिविर स्थल पर आने वाले दिव्यांगजनो को पहले से जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व दिव्यांगजन प्रदर्शित फोटो के साथ शिविर में पहुंचना होगा जहाँ शिविर में संबंधित अधिकारियों के माध्यम से दिव्यांगो का चिन्हीकरण कर उन्हें सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, कान की मशीन, वाकर ,ब्लाइंड स्टिक आदि उपकरणों के लिए चिन्हित किया जायेगा। तो वहीं युवा सेवा समिति के संयोजक रिजवान मुनीर ने सेमरियावां ब्लॉक के सभी दिव्यांगजनो से अपील करते हुए कहा हैं कि ब्लॉक के सभी दिव्यांगजन कल सेमरियावां ब्लॉक सभागार में आयोजित होने वाले सहायक उपकरण चिन्हीकरण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और शासन से मिल रहे सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित होकर योजना का लाभ ले।

### टेलर व डीसीएम की टक्कर बाल बाल बचे ड्राइबर व खलासी

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले रामगढ़ पुल के पास सैयद बाबा मजार के बगल में टेलर और डीसीयम में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई! ड्राइवर व खलासी कूद कर अपनी जान बचाने में कामियाब रहे घटना सुबह लगभग 3:30 बजे कि हैं आपको को बता दें कि आये दिन सैयद बाबा मजार के पास घटनाएं होती रहती है।

### अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर चंदवक जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर योगेश सिंह पुत्र शरद कुमार सिंह निवासी बेहडा थाना केराकत जनपद जौनपुर को एक अदत अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ ब्राह्मणपुर तिराहा से गिरफ्तार कर सुगंन्धधाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया!

# कुलपति के आश्वासन के बाद छात्रों का धरना हुआ समाप्त

## रात भर धरने पर बैठे रहे छात्र पुलिस प्रशासन रहा परेशान, गेस मार्क से वंचित छात्रों को मिली राहत



प्रखर जौनपुर ।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार से धरने पर बैठे छात्रों का धरना कुलपति प्रो निर्मला एस मोर्य के आश्वासन के बाद मंगलवार को अपराह्न समाप्त हो गया । रात भर बैठे रहे छात्रों को लेकर पुलिस प्रशासन परेशान रही। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही ।छात्रों ने कहा कि अगर मांगे दो सप्ताह में पूरी नहीं की जाती है तो आगे भी लड़ाई लडेगे।

स्नातक परास्नातक परीक्षा परिणाम में आई खामियों को लेकर आए दिन छात्र धरने पर बैठ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को यूजी के काफी संख्या में छात्र पूर्वांचल विश्वविद्यालय में धरने पर बैठे और वह सोमवार को रात भर धरने पर बैठे नारेबाजी प्रदर्शन करते रहे ।जिससे पुलिस प्रशासन के मजिस्ट्रेट, सीओ,एसओ,प्राक्टर प्रो संतोष कुमार, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, समेत अन्य अधिकारी ने समझाने बुझाने में लगे रहे । लेकिन छात्रों ने शान्त नहीं हुए, बल्कि मंगलवार की सुबह विश्वविद्यालय के सभी गेटों को बंद कर दिया ।जिससे विश्वविद्यालय का काम प्रभावित हो गया। पीयू व जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई राउंड वार्ता के बाद कुलपति प्रो निर्मल मोर्य से छात्रों का प्रतिनिधिमंडल मिला ।कुलपति ने कहा कि हम छात्रहित में ही काम करते हैं और उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का गेस मार्क नहीं चढ़ा है उन्हें गैस मार्क देकर के रिजल्ट पूरा किया जाएगा और इससे जो बच्चे बचते हैं वह अगले श्रेणी सुधार की परीक्षा में बैठकर परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकते हैं और किसी को मूल्यांकन पर आशंका है तो कापियों की नियमानुसार रिचेकिंग करा सकता है। इसके साथ उनके सभी मांगों पर आश्वासन मिलते ही छात्र धरना खत्म करने को राजी हो गए और 3 बजे धरना समाप्त करके घर लौट गयें। तब जाकर के विश्वविद्यालय में पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर अनिकेश मौर्य, उदय सिंह, कौशिक, सौरव यादव ,रवि तिवारी, अमृता, अमन मौर्य ,प्रभाकर मिश्र, प्रदीप, पूजा सिंह, शिवांगी, मधु सोनाली, सोनी, रिशु मौर्य, अमन, योगेश कुमार ,कृष्णा सरोज, साहिल विश्वकर्मा समेत सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## असंतुलित बाइक ऑटो से टकराई दो की मौत, एक घायल

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डाल्हनपुर गांव के पास जौनपुर शाहगंज मार्ग पर गड्ढे से असंतुलित बाइक की ऑटो से टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक व बच्ची समेत दो की मौत हो गई ।जबकि महिला घायल हुई ।जिसे उपचार के लिए जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी रवि कुमार गौतम अपनी चचेरी बहन पूजा गौतम व एक वर्षीय भांजी प्रियल के साथ जौनपुर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह जौनपुर शाहगंज मार्ग पर डाल्हनपुर के पास पहुंची थे। उसी दौरान उनकी बाइक सडक पर हुए गड्ढे में कूदी और असुन्तिलित होने के बाद सीधे आटो रिक्शा में जा टकराई, जिससे 25 वर्षीय रवि कुमार की मौके पर मौत हो गई ।मृतक की चचेरी बहन 27 वर्षीय पूजा व उसकी एक वर्षीय बेटी प्रियल घायल हो गई । सूचना लगते ही चौकी प्रभारी पूर्वांचल बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स के साथ पहुंच गए और घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्रियल को भी मृत घोषित कर दिया। और 25 वर्षीय पूजा की हालत गंभीर बताई गई है चौकी प्रभारी बृजेश कुमार गुप्ता ने शाहगंज परिजनों को सूचना दी जिसके बाद परिजन पहुंच गए परिजनों ने बताया कि एनम का फार्म डालने के लिए वह चचेरे भाई रवि के साथ सीएमओ ऑफिस जा रही थी ।रास्ते में यह घटना घट गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## वृहद धार्मिक अनुष्ठान के समापन एवं विद्वत सभा में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



प्रखर जखनियां गाजीपुर। प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर सिद्धपीठ के पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नन्दन यति जी महाराज के संरक्षकत्व में आयोजित वृहद धार्मिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर पन्द्रह अक्टूबर को होने वाली पूजा-अर्चना में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री वहां विद्वतसभा में भी शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की पुष्टि भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने करते हुए बताया कि दशहरा के दिन दोपहर बाद सिद्धपीठ पर उनका आगमन होगा। इसे लेकर हेलीपैड निर्माण व अन्य आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेसो नदी के रमणीय पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति जी महाराज द्वारा शारदीय नवरात्र के दौरान देवी पूजन का कार्यक्रम संचालित हो रहा है। विजयादशमी के दिन महामंडलेश्वर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज पूजा, शक्ति पूजा, शिव पूजा, शमी पूजा, समाधि पूजन किया जायेगा। उसके उपरांत होने वाली विद्वतसभा आयोजित होगी। उसके बाद बुढ़िया माता को भोग लगा हलवा-पूड़ी का प्रसाद प्राचीन परम्परानुसार हजारों शिष्य श्रद्धालुओं में महाराज श्री के हाथों वितरित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर दो बजे मठ पर पहुंचने के बाद महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति जी महाराज के सानिध्य में पूजन-अर्चन व विद्वतसभा में शामिल होंगे। उनके आगमन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी है। हेलीपैड और मंच निर्माण का कार्य चल रहा है।

## श्रद्धांजलि के साथ किया गया गोष्ठी का आयोजन



प्रखर जौनपुर। डां राममोहन लोहिया के पूण्य तिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर का श्रद्धांजलि अर्पित किया गया गोष्ठी का आयोजन किया गया अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा डां राम मनोहर लोहिया एक स्वत्रंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी और सम्मानित राजनितिज्ञ. थें राम मनोहर लोहिया ने हमेशा सत्य का अनुकरण किया और आजादी की लडाई में अध्दुत काम किया भारत की राजनीति में स्वत्रंत्रता आंदोलन के दौरान और उसके बाद ऐसे कई नेता आये जिन्होंने अपने दम पर राजनीति का रुख बदल दिया उन्हीं नेताओं में एक थे राम मनोहर लोहिया वे अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के लिए जाने गए और इन्हीं गुडों के कारण अपने समर्थकों के साथ साथ उन्होंने अपने विरोधियों से भी बहुत सम्मान हासिल किऐ लोहिया जी ने हमेशा भारत की अधिकारिक भाषा के रूप में अंग्रेजी से अधिक हिंदी को प्राथमिकता दी उनका विश्वास था कि अंग्रेजी शिक्षित और अशिक्षित जनता के बीच दूरी पैदा करती है वह कहते थे कि हिंदी के उपयोग में एकता की भावना और नए राष्ट्र का निर्माण से संबंधित विचारों को बढ़ावा मिलेगा वे जात पात के घोर विरोधी थे उन्होंने जाति व्यवस्था का विरोध में सुझाव दिया कि रोटी और बेटी के माध्यम से इसे समाप्त किया जा सकता है वह कहते थे कि सभी जाति के लोग एक साथ मिलजुल कर खाना खाएं वहीं लोहिया पार्क मे भी समाजवादी युवजन सभा द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर लोहिया के विचारों को रखा गोष्ठी मे मुख्य रुप से विरेन्द्र सिंह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या, हिरालाल विश्कर्मा,शिवजीत यादव, भानु प्रताप मौर्या, गुड्डू सोनकर,शेखु खाँ,अजीज फरीदी, राजेश यादव, श्याम नरायन बिन्द,आरीफ हबीब, रमेश साहनी मालती निषाद ऊषा यादव सोनी यादव गोष्ठी का संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## उचहुवाँ बाजारावासियों के सौजन्य से ब्रम्ह बाबा मंदिर का हुआ सुंदरीकरण व रामचरितमानस पाठ

प्रखर तरवां वाराणसी। आजकल लोगों की आस्था भले कम हो गई हो किंतु बहुतेरे ऐसे भी हैं जिनके दिलों में आज भी भक्ति श्रद्धा भरी हुई है। कुछ ऐसा ही नेक



कार्य आजमगढ़ जिले में स्थित उचहुवाँ बाजार वासियों ने किया है।बाजार में स्थित श्री ब्रम्ह बाबा का मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में चला गया था,किंतु उसे लोगों ने मिलकर पुनः सुन्दर बना दिया। जिसमें विशेष सहयोग राजू जायसवाल,त्रिभुवन सेठ,मोहन जायसवाल,दिनेश सिंह (भट्टू),शिवपूजन सिंह,अजीत सेठ, छेदी चौहान,बहादुर मौर्य,विमलेश शैलेश , सुनील सिंह , हृदय नारायण मिश्रा,बाबूलाल मोदनवाल आदि लोगों का रहा।जिसमें मुख्य सहयोग राहुल मौर्य, रोहित मौर्य और बृजेश मौर्य का रहा।लोगों की मानें तो यह मंदिर बहुत पुराना है ,पर जर्जरावस्था में पहुंच गया था,जिससे लोग पूजन अर्चन करने आना नहीं चाहते थे। किंतु जबसे यह नवीनीकरण हो गया है तबसे बाजार व ग्राम की महिलाएं तथा पुरुष सभी लोग पूजन अर्चन कर रहे हैं।इसी क्रम में कल यानी सोमवार को श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया।जिसको सफल बनाने में छेदी चौहान ,लल्लन मिश्रा ,सुभाष सिंह, मोनू सिंह व पिंटू बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर सरकार बनाने का लिया संकल्प

प्रखर पिंडरा वाराणसी। डॉ राम मनोहर लोहिया की 54 वी पुण्यतिथि मंगलवार को कठिराव स्थित समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर मनाई गई । इस दौरान डॉ लोहिया के विचारों को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया गया। पुण्यतिथि के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में निकली विजय रथ यात्रा के स्वागत के तैयारी के बाबत चर्चा हुई। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव व्यापार प्रकोष्ठ के नंदलाल जायसवाल ने कहाकि डॉ राम मनोहर लोहिया के पुण्यतिथि मानना तभी सार्थक होगी जब 2022 के चुनाव में हम सब तन मन धन लगाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हो। इस दौरान पार्टी के पिंडरा विस अध्यक्ष उदल सिंह पटेल, अजय सिंह बिसेन, अब्दुल रशीद, प्रदीप श्रीवास्तव, चंद्रबली गुप्ता, ज्ञानचंद सेठ, सुरेश प्रजापति, सनी गुप्ता बुद्धू शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश चौहान समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लीलावती कुशवाहा का जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने किया भव्य स्वागत



प्रखर सन्तकबीरनगर। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लीलावती कुशवाहा का मगलवार को महिला सभा जिलाध्यक्ष शकुन्तला यादव व जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के नेतृत्व में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष लीलावती कुशवाहा जी ने महिला कार्यकर्ता जागरूकता अभियान को संबोधित किया जिसका संचालन जिला महासचिव अंशिका पाण्डेय ने किया। प्रदेश अध्यक्ष लीलावती कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम में प्रतिदिन बेतहाशा वृद्धि हो रही है, महिलाओं की कोई सुरक्षा नहीं है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने कन्या विद्या धन, एंबुलेंस सेवा, समाजवादी पेंशन, लोहिया आवास अनेकों सुविधाएं दी थी जिसको भारतीय जनता पार्टी ने खत्म कर दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में 10 लाख रोजगार दिया जाएगा एवं समाजवादी पेंशन बीस हजार प्रतिमाह दी जाएगी। भाजपा सरकार से जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और 2022 के चुनाव का इंतजार कर रही है कि जल्द से जल्द समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश का रुका हुआ विकास कार्य फिर से शुरू किया जाय। लीलावती कुशवाहा जी ने कहा कि समाजवादी पार्टी चार सौ सीट जीत कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर सभी नेताओं व कार्यकताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया जी के पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खां, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, वरिष्ट नेता रामदरश यादव, कोमल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, पूर्व प्रत्याशी जावेद अहमद, आलोक यादव सोनू, जिला उपाध्यक्ष के. डी. यादव, प्रदीप सिसोदिया, मुहम्मद अहमद, श्याम जी विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ चौरसिया, डा. मालती यादव, प्रिया पाठक, खुदैजा खातून, अंकिता पत्नी बाबी, श्याम दुलारी, मेहरुन्निशा, चांदमती, जयंतीरा, सुनरा देवी, गीता देवी, अविनाश कन्नौजिया, लालजी प्रसाद, श्रीराम यादव, संजय यादव, यूथ सचिव अजय यादव, प्रमोद पूर्वांचल, इसरावती, रितिका पाण्डेय, गायक गुंजा देवी, श्याम दुलारी, रामसजीवन, ध्रुप सिंह यादव, भोला यादव, मनोहर सिंह, सन्तोष मिश्रा, अजीम खां, विजय यादव सहित तमाम नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महामहिम राष्ट्रपति हेतु ज्ञापन उप जिलाधिकारी चुनार को सौंपा

प्रखर जमुई मिजार्पुर । भारतीय किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम राज पटेल के नेतृत्व में लखीमपुर के किसानों के ऊपर कार गाड़ी से बर्बरता पूर्वक व्यवहार करने तथा मृतक किसान के न्याय के संदर्भ में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करना को चार पहिया गाड़ी से बेरहमी से कुचल कर मार डाला गया ,इस घटना से पूरे देश के किसान दुखी व आक्रोशित है ,देश का दुर्भाग्य है कि भारत के प्रधानमंत्री ने किसानों की मौत पर दुख व्यक्त करना जरूरी नहीं समझा, भारतीय किसान सेना ने जिला मुख्यालय पर



था, जिसकी जानकारी प्रशासन को मिलते ही किसान नेता डॉ राम राज पटेल के आवास रैपुरिया चुनार में ही नजरबंद कर दिया, किसान नेता ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार उत्तर प्रदेश में योगी सरकार किसानों के साथ अपराधियों की तरह व्यवहार कर रही है शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों धरना प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन देना चाहती थी किंतु प्रशासन ने किसान नेता के आवास रैपुरिया चुनार में ही नजरबंद कर दिया तथा उप जिलाधिकारी रोशनी यादव किसान नेता के आवास पहुंचीं, वहीं पर किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन राष्ट्रपति हेतु सौंपा, अमन सिंह, सतीश सिंह, हीरालाल सिंह, भुपेश, अनिल कुमार सिंह, रणजीत सिंह रमेश सिंह, संतोष कुमार, अवधेश सिंह ,अली जामिन खां, निहाल प्रसाद वर्मा, दीनानाथ सिंह ,कैलाश इत्यादि प्रमुख किसानों के साथ काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। दिन मंगलवार को आरटीआई की स्थापना दिवस विंध्याचल मंडल अध्यक्ष आशीष केशरी अध्यक्षता में पट्टीकला स्थित मां दुर्गा जी मन्दिर प्रांगण पर मनाया गया बैठक का संचालन विंध्याचल मंडल संयुक्त सचिव कृष्णा तिवारी जी ने किया कार्यक्रम में आरटीआई से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं आरटीआई आवेदन प्रथम अपील द्वितीय अपील किन धारा के अन्तर्गत कौन सी सूचनाएं मांगी जाय ये बताया गया कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए विंध्याचल मंडल के सचिव मनोज सोनी ने अपना अनुभव



बताया कि सोनभद्र में सम्बंधित विभाग से जानकारी मैंने मांगी थी लेकिन काफी दिनों से सूचनाओं के लिए टाल मटोल किया गया मैने अपने एसोसिएशन का कार्ड दिखाया तो तीन दिन मुझे सूचनाएं मिल गई तब मुझे अपने संगठन के शक्ति का अहसास हुआ सम्बोधन के पश्चात आरटीआई कार्यकर्ताओ और वरिष्ठ मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया उपस्थित रहने वालों में अमित शाह मनोज कृष्णदीप योगेश सिंह, कल्याण सिंह, संदीप अंकुर धर्मेन्द्र प्रदीप शैलेन्द्र श्रीवास्तव विकास केशरी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## उचहुवाँ बाजार में देवी दुर्गा का आगमन आज, सज रहा धूमधाम से पंडाल

प्रखर तरवां आजमगढ़। दुर्गा पूजा हिन्दुओ के प्रमुख त्योहार में से एक है। देवी दुर्गा को शक्ति व पार्वती भी कहते है। पूरे भारत मे ये त्योहार धूम धाम से मनाया जाता है। बच्चों से लेकर वृद्धों तक ये त्योहार उत्साह और उमंग की किरण लाता है। ये त्योहार विजय का प्रतीक है। नव दिन और नव रात्री तक देवी दुर्गा ने महिषासुर से युद्ध किया था। देवी दुर्गा ने दानव महिषासुर को परास्त कर विजय प्राप्त की थी। भारतीय संस्कृति में दुर्गा पूजा बंगाली पंचांग के छठे माह आश्विन में, बढ़ते चंद्रमा की छठी तिथि से मनाया जाता है। कभी कभी इसे कार्तिक मास में भी मनाते है। दुर्गा पूजा को दुर्गोत्सव भी कहते है। बंगाल का दुर्गोत्सव पूरे देश मे प्रसिद्ध है। कही 5 तो कहीं 9 दिन तक दुगार्पूजा का भव्य आयोजन होता है। श्रद्धा और निष्ठा से लोग देवी दुर्गा की पूजा करते है। देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के प्रयास में लोग उपवास करके देवी की आराधना करते है। भगवान राम ने भी देवी दुर्गा का शीतकाल मे अकाल बोधन आह्वाहन किया था। इसीलिए इस त्योहार को अकाल बोधन के नाम से भी जाना जाता है।इसी बीच आजमगढ़ जिले में स्थित तरवां थाना अंतर्गत उचहुवाँ बाजार में मां दुर्गा का सप्तमी के दिन यानी की मंगलवार को आगमन हो रहा है।जिसमें सहयोग में बहादुर मौर्य पूर्व प्रधान,विमलेश मौर्या,राहुल बाबू उचहुवां,मोनू सिंह, छेदी चौहान,राजू जायसवाल,पंकज इलेक्ट्रानिक,श्रवण गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### प्राइवेट बिजली कर्मचारियों के लोग महिलाओं व बच्चों से करते है दुर्व्यवहार

प्रखर खेतासराय जौनपुर। जिले के खेतासराय क्षेत्र में प्राइवेट बिजली कर्मचारियों का आतंक है।मीटर चेक करने के बहाने गिरोह बना कर घरों में घुस जाते हैं।महिलाओं और बच्चों से दुर्व्यवहार करते हैं।डरा धमका कर धन उगाही करते हैं।नागरिकों ने विभाग के उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। बताया जाता है कि दर्जन भर युवाओं का एक गिरोह इन दिनों खेताजराय क्षेत्र में बिजली के मीटर चेक कर रहा है।यह गिरोह खुद को बिजली विभाग का प्राइवेट कर्मचारी बताता है।गले मे गमछा लटकाए जीन्स शर्ट वाले इस गिरोह में दर्जन भर लोग शामिल हैं।इन लोगों के पास न कोई परिचय पत्र है और न कोई सरकारी आदेश।यह गिरोह किसी अपराधी गैंग की तरह लोगों के घरों में घुस जाता है।कोई एतराज करता है तो यह कथित बिजली कर्मचारी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।क्षेत्रीय लोगों ने इस गिरोह द्वारा घरों में अकेली महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने की भी शिकायत की है। नागरिकों का यह भी आरोप है कि गिरोह मीटर में कमी बता कर लोगों से धन उगाही भी करता है।कई घरों में लोगों ने इनकी कार्यशैली का विरोध किया तो दर्जन भर की संख्या में घर मे घुसे यह लोग मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं।कुछ लोगों ने विभाग के बड़े अफसरों से शिकायत भी की है लेकिन अभी तक गिरोह के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की है।

### टैंकर से कुचलकर युवक की मौत

प्रखर पुर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह क्षेत्र में मंगलवार की सुबह टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार सुधीर पटेल 22 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे मृतक सुधीर पटेल साइकिल से लहरतारा से मंडुवाडीह चौराहे की तरफ जा रहे थे । मंडुवाडीह चौराहे पर पहुँचते ही सुधीर पटेल लहरतारा से ककरमत्ता की तरफ जा रही टैंकर की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही सुधीर की मौत हो गयी। चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने टैंकर को चालक सहित पकड़ कर सूचना थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को दिया। थानाध्यक्ष ने परिजनों को सूचना देकर मृतक के शव को मर्चरी भेजवा कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गए।

### चोलापुर क्षेत्र के परानापट्टी में क्रॉसकंट्री का आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा परानापट्टी रविदास मंदिर में युवा एकता मंच चोलापुर द्वारा क्रॉसकंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें युवाओ को 10 किलोमीटर का दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं का मनोबल बढ़ाया गया। दूर दूर से आये युवाओं द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लिया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजगरा चौकी इंचार्ज अश्वनी कुमार मिश्रा व वर्तमान ग्रामप्रधान हाजीपुर वीरेंद्र प्रताप व व र्तमान ग्रामप्रधान परानापट्टी पवन यादव उपस्थित रहे।प्रथम विजेता पंकज यादव बरियासनपुर,द्वितीय विजेता वीरेंद्र यादव,तृतीय विजेता सुनील कुमार रहे। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के सहयोगी प्रदेश मंत्री अक्षय त्यागी,दीपचंद्र भारती,दीपक भारती,गोविंद कुमार अनिल कुमार, जीतलाल (मिल्खा),अजित,महेश, विकाश,सर्वेश, करन व समस्त नगरिक मौजूद रहे।

### आवास योजना को लेकर वार्डो में आ रही समस्याओं को देखते हुए पात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

प्रखर रामनगर वाराणसी। मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने रामनगर में आए दिन प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर वार्डो में आ रही समस्याओं को देखते हुए आज मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह एवं सभासद नंदलाल चौहान ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना उन गरीबों को मिले जिनके सर पर छत ना हो समाज के अंतिम पायदान वाले अंतिम व्यक्ति को इसका लाभ मिल कुछ अपात्र लाभार्थियों द्वारा मंडल अध्यक्ष से शिकायत करने पर जानकारी हुई की अभी नया कोई नया फॉर्म डूडा द्वारा नही लिया जा रहा है फिर भी लोग कुछ लोग जनता को बरगला कर उनसे उनका पेपर लेकर आवास दिलाने का झूठा आश्वासन देकर परेशान कर रहे हैं, इन्हीं समस्याओं को देखते हुए मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने अधिशासी अधिकारी महोदय से कहा कि वह नगर पालिका परिषद रामनगर के माध्यम से लाउडस्पीकर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के संदर्भ में जनता को सही जानकारी देवें एवं किसी प्रकार की कोई भी शिकायत पर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी महोदय से संपर्क करने हेतु जन जागरण कराने का कार्य करें जिससे वार्डो के नागरिक परेशान ना हो सके।

### तमंचा और जिंदा कारतूस संग अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर पुलिस के द्वारा अभियुक्त सोनू नट उर्फ जावेद पुत्र मोहम्मद जाहिद निवासी फत्तेहपुर लोहारपुर थाना मेहरनगर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. सौरव यादव, कां. विवेक पांडेय, रंजीत कुमार सिंह, राजेश कुमार, भैरव कुमार सिंह आदि शामिल रहें।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं